# 'द्वारका' की रिपोर्ट अब डीआरएम के पास

**मनमर्जी का निर्माण**

**द्वारका रेसीडेंसी का गड़बड़झाला**

## रिपोर्ट में बताया आम रास्ता, परेशान हो रहे रेल कर्मचारी



रतलाम. गड़बड़ी वाली द्वारका रेसीडेंसी के मामले में डीआरएम विनीत गुप्ता द्वारा बिठाई गई जांच की रिपोर्ट सोमवार को प्रस्तुत कर दी गई। इंजीनियरिंग विभाग ने रेल कर्मचारियों के द्वारा उपयोग किए जा रहे रास्ते को आम रास्ता बताया है, जिस पर द्वारका रेसीडेंसी ने अवैध निर्माण किया है। इस अवैध निर्माण को अब तक नगर निगम व नजूल ने तोड़ा नहीं है। पत्रिका

रेलवे की सैलाना यार्ड कॉलोनी द्वारका रेसीडेंसी से लगी हुई है। जब निर्माण कार्य शुरू हुआ तब रेल कर्मचारियों ने इसका विरोध किया था। तब द्वारका रेसीडेंसी निर्माण करने वालों ने यह भरोसा दिया था कि रेल कर्मचारियों को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। इसके बाद जब निर्माण कार्य पूरा हुआ तब आम रास्ते पर सैलाना यार्ड के कर्मचारियों के लिए निर्माण कर दिया गया। इसके बाद जब शिकायत पर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जांच कमेटी बनाकर जांच करवाई तो गोलमाल उजागर हुई। इसके बाद नूजल व नगर निगम की टीम को कार्रवाई के लिए भेजा गया। निगम का दल लोहे के एंगल लगाकर वापस आ गया। इसके बाद जिस आम रास्ते पर अतिक्रमण करके निर्माण किया गया उसको तोड़ा अब तक नहीं गया है।

### यह दिया जांच रिपोर्ट में

रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग के टीम ने अपनी जांच रिपोर्ट सोमवार को डीआरएम को प्रस्तुत कर दी। बताया जाता है कि इसमें इस बात का उल्लेख है कि आम रास्ते पर निर्माण किया गया है व रेलवे की भूमि सुरक्षित है। लेकिन इस बात को भी रेखांकित किया गया है कि इससे रेल कर्मचारी परेशान हो रहे है व उनको आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब इसी सप्ताह मंडल रेल प्रबंधक गुप्ता इस मामले में बड़ा निर्णय ले सकते है।

पत्रिका १४/९/२१

# प्रभारी मंत्री श्री भदोरिया ने बाल चिकित्सालय के नवीनीकृत भवन का शुभारंभ किया

रतलाम। जिले के प्रभारी मंत्री श्री ओ.पी.एस. भदोरिया ने रविवार को रतलाम के बाल चिकित्सालय के नवीनीकृत भवन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक शहर श्री चैतन्य काश्यप, पूर्व मंत्री श्री हिम्मत कोठारी, विधायक रतलाम ग्रामीण श्री दिलीप मकवाना, जिला पंचायत प्रधान श्री परमेश मईडा, कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया आदि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा विशेष पहल करके जिला बाल चिकित्सालय का कायाकल्प कराया गया है। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया ने संबोधित करते हुए कहा कि उस पुराने समय में जनभागीदारी, जनसहयोग से बाल चिकित्सालय के निर्माण का अद्भुत कार्य रतलाम में संपन्न हुआ था और अब जिला प्रशासन ने सराहनीय कार्य करते हुए इसका कायाकल्प कर दिया है, इसके लिए कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम बधाई के पात्र हैं। अब आधुनिक स्वरूप लिए बाल चिकित्सालय शहर के लिए बड़ी सौगात है, उपलब्धि है।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान के नेतृत्व में पिछले 3 माह में उल्लेखनीय स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदेशवासियों को मुहैया कराई गई है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य किया गया है। कोरोना लहर से निबटने के संपूर्ण इंतजाम किए गए हैं। हर एक जिले में बच्चों के उपचार के लिए विशेष बाल चिकित्सा इकाई स्थापित की गई है। प्रत्येक जिले में ऑक्सीजन प्लांट उपलब्ध कराए गए हैं। रतलाम में बाल चिकित्सालय में उल्लेखनीय कार्य किया गया है। यहां अब 65 ऑक्सीजन बेड बच्चों के लिए उपचार हेतु उपलब्ध है जो कि संभवतः प्रदेश के किसी भी जिले से ज्यादा हैं।

विधायक श्री चैतन्य काश्यप ने कहा कि बाल चिकित्सालय जनभागीदारी की उपलब्धि है जो भविष्य के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध रहेगा। मुझे भी इसके निर्माण में सहभागिता का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि कोरोना के साथ ही नगर में डेंगू से निपटने के लिए भी ठोस कदम उठाए गए हैं। उन्होंने बताया कि बाल चिकित्सालय के लिए ऑक्सीजन प्लांट की स्वीकृति भी मिल गई है शीघ्र ही इसका निर्माण होगा।

पूर्व मंत्री श्री हिम्मत कोठारी ने कहा कि रतलाम का बाल चिकित्सालय जनभावना का प्रतीक है। जनसहयोग से, सभी जनों के सहयोग से बाल चिकित्सालय का निर्माण किया गया जो नगर के लिए एक सौगात है। प्रभारी मंत्री ने बाल चिकित्सालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया। प्रारंभ में स्वागत उद्बोधन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे ने दिया डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन ने बाल चिकित्सालय के कायाकल्प से अवगत कराया। संचालन श्री आशीष दशोत्तर ने किया, आभार सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर ने माना।



स्वतंत्र

स्वतंत्र ऐलान 14/9/21

गाय के बाड़े तोड़ने के निर्णय के खिलाफ ज्ञापन

# विधायक व प्रभारी मंत्री को कहा, हिंदू विरोधी निर्णय ले रहे आयुक्त



रतलाम. नगर निगम द्वारा गौपालकों को नोटिस देकर उनके बाडे तोड़ने के निर्णय से नाराज हिन्दू संगठनों ने प्रभारी मंत्री आपीएस भदोरिया व शहर विधायक चेतन्य काश्यप काश्यप को ज्ञापन सौपा है। नाराज कार्यकर्ताओं का कहना है कि शहर में आवारा कुत्तों को पकड़ने के बजाए गाय के बाड़े तोड़ना निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया का हिंदू विरोधी व तालिबानी निर्णय है।

गौ सेवको ने प्रभारी मंत्री भदौरिया व शहर विधाकय काश्यप से मिल कर ज्ञापन दिया। गौ सेवको ने निगम कर्मियों पर भी आरोप लगाए के वे सही कार्यवाही नहीं करते वरना जो लोग गाय छोड़ते हैं वो नहीं छोड़े। इस पर प्रभारी मंत्री ने आश्वस्त किया है। शहर विधायक काश्यप को भी गौ सेवको ने इस बात से अवगत करवाया।

## दिया भरोसा

ज्ञापन देते समय धर्मेंद्र शर्मा, प्रद्युम्न शर्मा, राधेश्याम, शिवांगी, रोहित आदि गौ सेवक मौजूद थे। ज्ञापन की सूचना मिलते ही मौजूद भाजपा नेता हार्दिक मेहता व जुबिन जैन ने मामले को समझा व शहर एसडीएम अभिषेक गहलोत व निगम आयुक्त झारिया से चर्चा की। जिस पर अधिकारियों ने इस मामले पर संज्ञान लेकर गलत कार्यवाही ना हो इस पर भरोसा दिया है।

पत्रिका 14/9/21

# बाड़े तोड़ने से नाराज हिन्दू समाजजनों ने प्रभारी मंत्री को सौपा ज्ञापन

## आवारा श्वानों पर शहर में नहीं हो रहा नियंत्रण

रतलाम ● स्वदेश समाचार

शहर में कुछ दिनों से लगातार पशु पालकों के अवैध निर्माण तोड़े जा रहे हैं। ऐसे में अब उनके बीच पशुओं को पालने के लिए संकट खड़ा हो गया है। निगम की इस कार्रवाई में वे लोग भी जबरन घसीटे जा रहे हैं जिनके पास गाय मात्र सेवा के उद्देश्य से है। जो गाय को धार्मिक कारण से घर में रखे है। ऐसे में आज दो से चार गाय रखने वालों को भी नोटिस मिल जाने से गौसेवक आक्रोशित हो उठे। गौ सेवकों ने प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया से मिलकर ज्ञापन दिया। गौ सेवकों ने निगम कर्मियों पर भी आरोप लगाए के वे सही कार्रवाई नहीं करते वरना जो लोग गाय छोड़ते हैं वो नहीं छोड़े। इस पर प्रभारी मंत्री ने आश्वस्त किया है। विधायक चेतन्य कश्यप को भी गौसेवकों ने इस बात से अवगत करवाया। ज्ञापन में लिखा गया की कुछ कतिपय व्यवसाय करने की प्रवत्ति वाले लोगों द्वारा सड़कों पर गाय छोड़ दी जाती है। जिन पर सांठगांठ के चलते निगम कोई कार्रवाई नहीं करती है। उन लोगों की अति जब बढ़ जाती है तो निगम के अधिकारी हम बेकसूर लोगों को पहले नोटिस देकर हमारे एक व दो गाय के तबेले तोड़ने आ जाती है। अगर गाय पालना पाप है, तो क्यों सरकार गाय के लिए कानून बना रही है? हमारा गाय से कोई विशेष व्यवसाय नहीं है। केवल सेवा के लिए गाय रहती है और कोई आवारा बीमार गाय को वहां इलाज के लिए आश्रित कर लेते है। शहर में श्वान (कुत्ते), बिल्ली पालने के लिए कोई नियम नहीं है तो गाय के लिए कौन से नियम है ? अगर गाय पालने के लिए किसी परमिशन की आवश्यकता लेनी होती है, तो निगम अधिकारी हमें बताए हम वो भी लेने को तैयार है। यह कार्रवाई उन लोगों पर की जाए जो अपनी गाय को रात्रि में छोड़ देते है। उन पर नहीं जिनके पास संख्या में दो या तीन गाय हो। ज्ञापन देते समय धर्मेंद्र शर्मा, प्रद्युम्न शर्मा, राधेश्याम, शिवांगी, रोहित आदि गौसेवक मौजूद थे। स्वदेश

स्वदेश 14/9/21

## गर्भवती महिलाओं के वैक्सीनेशन के लिए 5 सत्र स्थल निर्धारित

**रतलाम।** कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। रतलाम शहर में पहले डोज से अब तक शेष रही गर्भवती महिलाओं के वैक्सीनेशन के लिए 14 सितंबर मंगलवार को 5 सत्र स्थल निर्धारित किए गए हैं। यहां चिकित्सक भी मौजूद रहेंगे। गर्भवती महिलाएं इन वैक्सीनेशन सेंटर पर पहुंचकर वैक्सीनेशन करवा सकती हैं। एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि गर्भवती महिलाओं के वैक्सीनेशन के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भी निर्देशित किया गया है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं से आग्रह किया है कि वे इन सत्र स्थलों पर पहुंचकर वैक्सीनेशन अवश्य करवाएं। साथ ही उन्होंने अब तक बीमारी के कारण प्रथम डोज से वंचित रहे नागरिकों से भी आग्रह किया है कि वे इन सत्र स्थलों पर पहुंचकर चिकित्सक की देखरेख में वैक्सीनेशन करवा सकते हैं। प्रसारण

प्रसारण 14/9/21

## गर्भवती महिलाओं के वैक्सीनेशन के लिए 5 सत्र स्थल निर्धारित

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। रतलाम शहर में पहले डोज से अब तक शेष रही गर्भवती महिलाओं के वैक्सीनेशन के लिए 14 सितंबर मंगलवार को 5 सत्र स्थल निर्धारित किए गए हैं। यहां चिकित्सक भी मौजूद रहेंगे। गर्भवती महिलाएं इन वैक्सीनेशन सेंटर पर पहुंचकर वैक्सीनेशन करवा सकती हैं।

एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि, गर्भवती महिलाओं के वैक्सीनेशन के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भी निर्देशित किया गया है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं से आग्रह किया है कि वे इन सत्र स्थलों पर पहुंचकर वैक्सीनेशन अवश्य करवाएं। साथ ही उन्होंने अब तक बीमारी के कारण प्रथम डोज से वंचित रहे नागरिकों से भी आग्रह किया है कि वे इन सत्र स्थलों पर पहुंचकर चिकित्सक की देखरेख में वैक्सीनेशन करवा सकते हैं। राज

राज एक्सप्रेस 14/9/21

## आज शहर में 5 स्थानों पर होगा गर्भवती महिलाओं का वैक्सीनेशन

रतलाम | जिले में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने 100 प्रतिशत वैक्सीनेशन का लक्ष्य तय किया है। मंगलवार को पहले डोज से अब तक शेष रही गर्भवती महिलाओं के वैक्सीनेशन के लिए 5 सत्र स्थल तय किए गए हैं। यहां डॉक्टर भी मौजूद रहेंगे। गर्भवती महिलाएं इन वैक्सीनेशन सेंटर पर पहुंचकर वैक्सीनेशन करवा सकती हैं। एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि गर्भवती महिलाओं के वैक्सीनेशन के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भी कहा गया है। गर्भवती महिलाएं इन सत्र स्थलों पर पहुंचकर वैक्सीनेशन करवाएं। बीमारी के कारण पहले डोज से वंचित रहे लोग भी इपहुंचकर डॉक्टर की देखरेख में वैक्सीनेशन करवा सकते हैं।

यहां होगा वैक्सीनेशन : गणेश नगर, स्वास्थ्य केंद्र, हकिमवाड़ा स्वास्थ्य केंद्र, दिलीप नगर स्वास्थ्य केंद्र, टीआईटी रोड स्वास्थ्य केंद्र, मातृ एवं शिशु चिकित्सा इकाई (एमसीएच)।

दै. भास्कर 14/9/21

## गर्भवती महिलाओं को आज पांच केंद्रों पर लगेगी वैक्सीन



रतलाम। शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के अभियान में रतलाम शहर में पहले डोज से अब तक शेष रही गर्भवती महिलाओं के वैक्सीनेशन के लिए मंगलवार को 5 सत्र स्थल निर्धारित किए गए हैं। यहां चिकित्सक भी मौजूद रहेंगे। एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि गर्भवती महिलाओं के वैक्सीनेशन के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी निर्देशित किया गया है। उन्होंने अब तक बीमारी के कारण प्रथम डोज से वंचित रहे नागरिकों से भी आग्रह किया है कि वे इन सत्र स्थलों पर पहुंचकर चिकित्सक की देखरेख में वैक्सीनेशन करवा सकते हैं।

**यहां होगा वैक्सीनेशन** मंगलवार को गणेश नगर स्वास्थ्य केंद्र मार्निंग स्टार स्कूल के सामने, हाकिमवाड़ा स्वास्थ्य केंद्र, दिलीपनगर नगर इंडस्ट्रीयल एरिया स्वास्थ्य केंद्र, टीआइटी रोड स्वास्थ्य केंद्र, एमसीएच लोकेंद्र टाकीज रोड।

नईदुनिया 14/9/21



२१४

## प्रभारी मंत्री भदौरिया के रतलाम आगमन पर पार्षद राठौड़ ने रतलाम क्षेत्र के विकास पर की चर्चा...

रतलाम। प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया के रतलाम आगमन पर रतलाम सर्किट हाऊस पर रतलाम पार्षद (23) विनोद राठौड़ ने वार्ड व रतलाम शहर के आमजन की और से स्वागत कर रतलाम में चल रहे डेनेज सिस्टम व शहर के सड़को को दुरुस्त कर ने का आग्रह किया जिसपर प्रभारी मंत्री भदौरिया ने राठोड़ को आश्वस्त किया कि इस दिशा में कार्य सुचारू रूप में करने के लिए अधिकारियों से चर्चा करूंगा इस दौरान सिंधिया ऑनलाइन टीम के जिला प्रभारी अनील टाक, जिला परसुराम परिषद के जिला अध्यक्ष अंकित रावल (कालूखेड़ा), चेतन जी टाक, वार्ड वासी गोटू राव, धर्मेंद्र खलनिवाल, राजेश जी राठौड़, व साथी गण मौजुद थे

स्वतंत्र रतलाम 14/9/21

## प्रभारी मंत्री को पार्षद राठौड़ ने सौंपा ज्ञापन



रतलाम। रतलाम आगमन पर प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया का सर्किट हाऊस पर रतलाम पार्षद (23) विनोद राठौड ने वार्ड व रतलाम शहर के आम जन की ओर से स्वागत कर रतलाम में चल रहे डेनेज सिस्टम व शहर के सडको को दुरुस्त कर ने का आग्रह किया जिस पर प्रभारी मंत्री भदौरिया ने राठोड को आश्वस्त किया कि इस दिशा में कार्य सुचारू रूप मे करने के लिए अधिकारियों से चर्चा करूगा। इस दौरान सिंधिया ऑनलाइन टीम के जिला प्रभारी अनील टाक, जिला परसुराम परिषद के जिला अध्यक्ष अंकित रावल (कालूखेंडा), चेतन टांक, वार्डवासी गोटू राव, धर्मेंद्र खलनिवाल, राजेश राठौड़, व साथी गण मौजूद थे।

२१५

राज एक्सप्रेस 14/9/21

# डेंगू नियंत्रण का दावा, तीन दिन से टेस्ट किट नहीं

## बीमारी की मार : मेडिकल कालेज के वार्ड में 20 बच्चे भर्ती, जिला अस्पताल में डेंगू आइसीयू वार्ड

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** डेंगू से सर्वाधिक प्रभावित जिलों में रतलाम शामिल है, लेकिन स्थानीय स्तर पर नियंत्रण के इंतजामों को लेकर दस्तावेजी तैयारी ही चल रही है। हालात यह है कि जिला अस्पताल की लैब में डेंगू के एलाइजा टेस्ट की किट तीन दिन से नहीं है। इसके चलते शासकीय स्तर पर डेंगू के नए मरीज नहीं मिल रहे हैं, लेकिन निजी अस्पतालों के साथ जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज और बाल चिकित्सालय में लगातार बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। जिसमें डेंगू के मरीज भी हैं। मरीजों में बच्चों की संख्या भी ज्यादा है।

सोमवार को बाल चिकित्सालय में हालात ऐसे बन गए कि बच्चों की जांच के लिए स्वजन भटकते रहे। मेडिकल कालेज के अस्पताल में भी बच्चों को भर्ती करने के लिए पहले रोका गया। बाद में जब अधिकारियों तक बात गई तो व्यवस्था बनाई गई और उसी वार्ड में बच्चों के लिए अलग बेड लगाकर उपचार शुरू कराया गया। यहां अभी दस साल से अधिक आयु के बीस बच्चों को भर्ती करने के बाद मरीजों की संख्या 100 से ऊपर पहुंच गई है। पहले यहां डेंगू के लिए 60 बेड का वार्ड बनाया गया था, लेकिन मरीजों के बढ़ते ही बेड बढ़ा दिए गए हैं। जिला अस्पताल के पुरुष- महिला मेडिकल वार्ड में बेड फुल हैं। डेंगू के गंभीर मरीजों के लिए कोविड आइसीयू वार्ड को डेंगू वार्ड बना दिया गया। पैथालाजी लैब में भी लंबी कतार लग रही है और दो से तीन दिन में जांच रिपोर्ट मिल पा रही है। डेंगू के बचाव के लिए सर्वे आदि के प्रयास के बीच भी नए मरीजों पर रोक नहीं लगी है, हां यह बात अलग है कि किट नहीं होने की आड़ में मरीजों की संख्या तीन से 272 पर ही टिकी और और विभागीय अमला दावा कर रहा है, कि डेंगू नहीं मौसमी बुखार के मरीज बढ़े हैं। ऐन वक्त पर जांच किट खतम होना भी स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों की पोल खोल रहा है, जबकि दो महीने से डेंगू फैल रहा है। सोमवार को एंटीजन जांच में 25 से अधिक मरीजों में डेंगू की रिपोर्ट पाजिटिव आई है।



जिला अस्पताल में डेंगू आइसीयू वार्ड में भर्ती मरीज। ● नईदुनिया

> जिला अस्पताल की लैब में डेंगू के एलाइजा जांच की किट अभी नहीं है, इसलिए एंटीजन किट से जांच कर मरीजों को उपचार भी दे रहे हैं। पुणे से किट आनी है, आर्डर दे दिया गया है। किसी भी समय आ जाएगी। वहां भी किट की कमी हो गई है, क्योंकि अचानक डेंगू के मरीज बढ़े हैं।
>
> **- डा. आनंद चंदेलकर, सिविल सर्जन जिला अस्पताल रतलाम**



बाल चिकित्सालय में बच्चों के साथ कतार में खड़े स्वजन। ● नईदुनिया

### शहर भर में सर्वे, कलेक्टोरेट में जमा गंदा पानी

बारिश के जमा पानी में डेंगू का लार्वा पनपने की समझाइश देकर शहर में प्रशासन, निगम, स्वास्थ्य विभाग का संयुक्त दल सर्वे कर रहा है। इधर नए कलेक्टोरेट भवन के तलघर में बारिश व सीपेज से जमा पानी में मच्छर पनप रहे है। यहां जमा पानी की निकासी के कोई इंतजाम नहीं है। इससे वाहन पार्किंग करने वाले कर्मचारियों व आमजन को परेशान होना पड़ता है। यही हाल मंडी के सामने सालाखेड़ी फोरलेन पर है। यहां भी बारिश का पानी जमा है।

नईदुनिया



नवीन कलेक्टोरेट के तलघर में जमा पानी में मच्छर पनप रहे है।

नईदुनिया 14/9/21

# नगर निगम द्वारा गौपालकों को नोटिस देकर उनके बाड़े तोड़ने से नाराज हिन्दू संगठनों ने प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन

प्रसारण न्यूज • रतलाम



शहर में कुछ दिनों से लगातार पशुपालकों के अवैध निर्माण तोड़े जा रहे हैं। ऐसे में अब उनके बीच पशुओ को पालने के लिए संकट खड़ा हो गया है। निगम की इस कार्यवाही में वे लोग भी जबरन घसीटे जा रहे हैं जिनके पास गाय मात्र सेवा के उद्देश्य से है। जो गाय को धार्मिक कारण से घर में रखे है। ऐसे में आज दो से चार गाय रखने वालों को भी नोटिस मिल जाने से गौ सेवक आक्रोशित हो उठे। गौ सेवको ने प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया से मिल कर शहर के जे.एम.डी. पैलेस में ज्ञापन दिया।

गौ सेवको ने निगम कर्मियों पर भी आरोप लगाए के वे सही कार्यवाही नहीं करते वरना जो लोग गाय छोड़ते हैं वो नहीं छोड़े। इस पर प्रभारी मंत्री ने आश्वस्त किया है। शहर विधायक चेतन्य कश्यप को भी गौ सेवको ने इस बात से अवगत करवाया। ज्ञापन में लिखा गया की कुछ कतिपय व्यवसाय करने की प्रवति वाले लोगो द्वारा सड़को पर गाय छोड़ दी जाती है। जिन पर साँठ गाँठ के चलते निगम कोई कार्यवाही नहीं करती है। उन लोगो की अति जब बढ़ जाती है तो निगम के अधिकारी हम बेकसूर लोगो को पहले नोटिस देकर हमारे एक व दो गाय के तबेले तोड़ने आ जाती है। अगर गाय पालना पाप है तो क्यो सरकार गाय के लिए कानून बना रही है। हमारा गाय से कोई विशेष व्यवसाय नहीं है। केवल सेवा के लिए गाय रहती है और कोई आवारा बीमार गाय को वहाँ इलाज के लिए आश्रित कर लेते है। शहर में कुत्ते बिल्ली पालने के लिए कोई नियम नहीं है तो गाय के लिए कौन से नियम है? अगर गाय पालने के लिए किसी परमिशन की आवश्यकता लेनी होती है तो निगम अधिकारी हमे बताए हम वो भी लेने को तैयार है। यह कार्यवाही उन लोगो पर की जाए जो अपनी गाय को रात्रि में छोड़ देते है। उन पर नहीं जिनके पास संख्या में दो या तीन गाय हो। ज्ञापन देते समय धर्मेंद्र शर्मा, प्रद्युम्न शर्मा, राधेश्याम, शिवांगी, रोहित आदि गौ सेवक मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0 : 13 सितंबर तक साढ़े 6000 से ज्यादा आवेदन प्राप्त

रतलाम। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0 के अंतर्गत नि:शुल्क गैस कनेक्शन दिए जाएंगे। योजना के तहत 13 सितबर तक 6844 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं जिनमें से 4370 आवेदनों की ईकेवाईसी कराई जा चुकी है। योजना की पात्रता के तहत जो एसईसीसी 2011 की सूची अनुसार पात्र हो, अनुसूचित जाति, जनजाति, गृहस्थी प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही, अंत्योदय योजना, वनवासी, अति पिछड़ा वर्ग, चाय और पूर्व चाय बागान, जनजातियां, द्वीप एवं नदी द्वीप में निवासरत, इस प्रकार उक्त 07 श्रेणी से संबंध रखती हो, इस हेतु पात्र श्रेणी का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। यदि आवेदिका उपरोक्त श्रेणी में नहीं आती है एवं गरीब गृहस्थी से संबंध रखती है तो योजना का हितग्राही होने के दावे के रूप में 14 बिंदुओं का घोषणा पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। पात्र महिला हितग्राही अपने निकटतम गैस एजेंसी से संपर्क करके आवेदन कर सकती है।

प्रसारण

प्रसारण 14/9/21

## प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के खाते में सीधे राशि भेजें

**रतलाम।** प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के खाते में सीधे राशि भेजें। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह ने यह निर्देश विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान दिये। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जरूरी कार्यवाई समय-सीमा में करें। श्री सिंह ने कहा कि 17 सितंबर को सभी नगरीय निकायों में 100-100 पौधे लगाए जाएं। पौधों के पेड़ बनने तक देखरेख भी करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद के कार्यों की नगरीय निकाय वार समीक्षा करें। योजना में अभी तक 382 स्वीकृत कार्यों में 149 पूरे हो चुके हैं। श्री सिंह ने स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की समीक्षा के दौरान कहा कि एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए विभिन्न क्लस्टरों में चल रहे कार्यों की सतत मॉनिटरिंग जरूरी है। उन्होंने कहा कि अन्य निकायों के लिए भी अपशिष्ट प्रबंधन की बेहतर मैकेनिज्म बनाएं। श्री सिंह ने जल जल एवं सीवरेज परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री सिंह ने कहा कि दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के कार्य संतोषप्रद नहीं है। इस योजना में कार्य मिशन मोड में लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि नियमानुसार स्व-सहायता समूह का गठन किया जाए। इस दौरान प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास मनीष सिंह एवं आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास निकुंज कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। प्रसारण।

प्रसारण 14/9/21

# जनसहयोग से बने बाल चिकित्सालय के नवीनीकृत स्वरूप का शुभारंभ

## 65 ऑक्सीजन बेड बच्चों के उपचार के लिए उपलब्ध- प्रभारी मंत्री

रतलाम ● स्वदेश समाचार

प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया ने यहां आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने बाल चिकित्सालय के. नवीनीकृत भवन का शुभारंभ किया। गृह निर्माण मंडल की प्रस्तावित आवास योजना का निरीक्षण किया, साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया एवं भाजपा नेताओं से सौजन्य भेंट भी की।

श्री भदौरिया ने जनसहयोग से निर्मित बाल चिकित्सालय के आधुनिक स्वरूप का शुभारंभ करते हुए स्थानीय लोगों की प्रशंसा की जिनके सहयोग से यह बाल चिकित्सालय निर्मित हुआ। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पिछले 3 माह में उल्लेखनीय स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदेशवासियों को मुहैया कराई गई है। कोरोना लहर से निपटने के संपूर्ण इंतजाम किए गए हैं। हर एक जिले में बच्चों के उपचार के लिए विशेष बाल चिकित्सा इकाई स्थापित की गई है। प्रत्येक जिले में ऑक्सीजन प्लांट उपलब्ध कराए गए हैं। रतलाम में बाल चिकित्सालय में उल्लेखनीय कार्य किया गया है। यहां अब 65 ऑक्सीजन बेड बच्चों के लिए उपचार हेतु उपलब्ध है जो कि संभवतः प्रदेश के किसी भी जिले से ज्यादा हैं।

रतलाम का बाल चिकित्सालय जनभावना का प्रतीक है। जनसहयोग से, सभी जनों के सहयोग से बाल चिकित्सालय का निर्माण किया गया जो नगर के लिए एक सौगात है। विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि बाल चिकित्सालय जनभागीदारी की उपलब्धि है जो भविष्य के






लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि कोरोना के साथ ही नगर में डेंगू से निपटने के लिए भी ठोस कदम उठाए गए हैं। उन्होंने बताया कि बाल चिकित्सालय के लिए ऑक्सीजन प्लांट की स्वीकृति भी मिल गई है, शीघ्र ही इसका निर्माण होगा।

## प्रभारी मंत्री ने पूर्व मंत्री कोठारी के निवास पहुंचकर सौजन्य भेंट की



रतलाम भ्रमण पर आए जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया ने रविवार को पूर्व मंत्री श्री हिम्मत कोठारी के निवास पहुंचकर सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर इस अवसर पर विधायक ग्रामीण दिलीप मकवाना, पूर्व विधायक संगीता चारेल, पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक चौटाला, महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, पूर्व प्रदेश व्यापारी मोर्चा नेता महेन्द्र कोठारी, भेरूलाल पाटीदार, पूर्व मंडी अध्यक्ष प्रकाश भगोरा, पूर्व पार्षद गोपाल सोलंकी, पूर्व निगमाध्यक्ष दिनेश पोरवाल, पूर्व पार्षद सुरेन्द्र जोशी मुन्ना, खेल प्रकोष्ठ के यतीन्द्र भारद्वाज, किसान नेता राजाराम गुर्जर, पिपलौदा के रितेश जैन, भाजपा नेता और सराफा एसोसिएशन के झमक भरगट, जय भारत मंच के गोपाल सोनी, पूर्व एल्डरमैन प्रभु नेका, मधु शिरोडकर, विकास कोठारी, मेहरबानसिंह, तोलीराम शर्मा, प्रकाश कोठारी, अरूण चौरड़िया, धर्मेन्द्र अग्रवाल, राजेन्द्र माली, विजय पाशा, तपन शर्मा, इरशाद मंसूरी, नवदीप शर्मा, चेतन पावेचा, गोपालसिंह, राजेश पांडे, गोपाल परमार द्वारा स्वागत किया गया। स्वदेश

स्वदेश 14/9/21

# अतिक्रमण हटाने की मुहिम पहले ही दिन ठंडी, नोटिस दिए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर को साफ-सुथरा बनाने के लिए मुख्य सड़कों के किनारों से स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण हटाने की मुहिम सोमवार को पहले ही दिन ठंडी पड़ गई। अफसर बड़ी कार्रवाई तो नहीं कर पाए लेकिन सैलाना रोड, सागोद रोड, महू रोड, स्टेशन रोड सहित अन्य सड़कों के किनारे बिना अनुमति निर्माण करने वाले 30 से ज्यादा व्यक्तियों को नोटिस जरूर जारी कर दिए हैं। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निर्देश दे दिए हैं।

**जोन प्रभारी किरण चौहान निलंबित :** वार्ड 38 स्थित मोचीपुरा नाले की सफाई के लिए संरक्षक संजय साजन को बिना सुरक्षा उपकरण नाले में उतारने पर जोन प्रभारी किरण चौहान को निलंबित कर दिया गया है।

## डेंगू के लार्वा मिले, 21 व्यक्तियों पर स्पॉट फाइन

घर-घर सर्वे के दौरान डेंगू के लार्वा मिलने पर सोमवार को पीएंडटी कॉलोनी और मीरा कुटी क्षेत्र में 21 व्यक्तियों पर स्पॉट फाइन लगाया गया। इनमें विनोद कुमावत, दुर्गाबाई, संजय रावत पीएंडटी कॉलोनी 500 रुपए, चुन्नीलाल, देवप्रकाश, कन्हैयालाल, बीएन शर्मा, जब्बर खान, अफार खान, साजिदा अली, अब्दुल शकूर, नोलकेजी, राकेंद्र मरकाम, वीरेंद्र, आफिन पीएनटी कालोनी, महादेवी, अंगातीजी, गोविंद राम, सोनीबाई, अखिलेश व राधेश्याम मीरा कुटी पर 250 रुपए का स्पॉट फाइन जोन प्रभारी पर्वत हाड़े ने वसूला।

दै. भास्कर 14/9/21

# बिना अनुमति बनाए गए पक्के निर्माण तोड़ेगी नगर निगम, नगर निगम ने सर्वे कर तैयार की सूची

रतलाम। शहर में बिना अनुमति बनाए गए मकानों पर नगर निगम अभियान चलाकर कार्रवाई करने जा रहा है। बिना अनुमति निर्माण किए गए भवनों का सर्वे भी नगर निगम ने पूरा कर लिया है। मंगलवार नगर निगम की टीम अवैध निर्माण को नोटिस देकर तोड़ने की शुरुआत करने जा रही है। निगमायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि बिना अनुमति के गए सभी अवैध निर्माणों का सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया है। जिसमे नोटिस देकर ऐसे अवैध निर्माणों को तोड़ने की कार्रवाई नगर निगम करने जा रही है वही तोड़ने की कार्यवाही का 15 हजार प्रति घंटा भी नगर निगम संपत्ति मालिक से वसूल करेगा। दरअसल नगर निगम प्रशासन अतिक्रमण करवा के निर्माण को हटाने के साथ ही बिना अनुमति बनाए गए मकानों पर भी कार्रवाई करने जा रहा है। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर सीमा में बिना अनुमति किए गए सभी निर्माण कार्य का सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सर्वे में अवैध निर्माण करने वालों की सूची तैयार की जा रही है जिन्हें नोटिस देकर पक्के निर्माण को तोड़ा जाएगा। यही नहीं पक्के निर्माण तोड़ने की कार्रवाई के दौरान होने वाला खर्च भी संपत्ति मालिक से वसूला जाएगा। नगर निगम प्रशासन मंगलवार से इस अभियान की शुरुआत करने जा रहा है।

प्रसारण 14/9/21

## विराट मेहरा को झोन प्रभारी दायित्व से हटाया

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नगर निगम के झोन क्रमांक 4 के प्रभारी विराट मेहरा द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने पर झोन प्रभारी के पद से हटाते हुए उप स्वच्छता पर्यवेक्षक सौरभ काला को झोन क्रमांक 4 का प्रभारी नियुक्त किया।

## खुले में गंदगी करने पर 16 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 12 सितम्बर को 16 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर गौरीशंकर माली शांति नगर पर 1000, राठौर नमकीन अलकापुरी पर 100, सकुबाई, तारूबाई, कमलाबाई राम मंदिर, संतोषबाई, सोनूबाई, फुलबाई, सज्जनमिल रोड, प्रेम, बंशीलाल, विजय, सूरजबाई, अंकित मालवीय अलकापुरी, कमला, तुलसीबाई सनसिटी, राठौर नौलाईपुरा पर 50-50 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। प्रसारण

प्रसारण 14/9/21

## डेंगू के लार्वा पाए जाने पर 21 व्यक्तियों से वसूला जुर्माना

रतलाम। डेंगू की रोकथाम के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा दल गठित कर घर-घर सर्वे किया जा रहा है। डेंगू के लार्वा पाए जाने पर संबंधितों पर स्पॉट फाइन की कार्रवाई की जा रही है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार पीएनटी कालोनी व मीरा कुटी क्षेत्र में सर्वे के दौरान डेंगू के लार्वा पाए जाने पर विनोद कुमावत, दुर्गाबाई व संजय रावत पीएनटी कालोनी से 500-500, चुन्नीलाल, देवप्रकाश, कन्हैयालाल, बीएन शर्मा, जबर खान, अफसर खान, साजिदा अली, अब्दुल शकुर, नीलकेजी, राकेंद्र मरकाम, वीरेंद्र, आफिन जी पीएनटी कालोनी, महादेवी, अरातीजी, गोविंदराम, सोनीबाई, अखिलेश व राधेश्याम मीरा कुटी से 250-250 रुपये का जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई जोन प्रभारी पर्वत हाड़े ने की।

नईदुनिया 14/9/21

## 90 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत सोमवार को 90 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर व ट्रैक्टर-ट्राली से 47685, काम्पेक्टर सूखा कचरा 24720, काम्पेक्टर गीला कचरा 18480 कुल 90885 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

नईदुनिया 14/9/21

## खुले में गंदगी करने वाले 16 व्यक्तियों सपर जुर्माना

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर गौरीशंकर माली शांति नगर से 1000, राठौर नमकीन अलकापुरी से 100, सवकूबाई, तारुबाई, कमलाबाई राम मंदिर, संतोषबाई, सोनूबाई, फूलबाई, सज्जन मिल रोड, प्रेम, बंशीलाल, विजय, सूरजबाई, अंकित मालवीय अलकापुरी, कमला, तुलसीबाई सनसिटी, राठौरजी नौलाईपुरा से 50-50 रुपये का जुर्माना वसूला गया। सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश भी दी गई।

नईदुनिया 14/9/21

## विराट मेहरा को जोन प्रभारी दायित्व से हटाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नगर निगम के जोन क्रमांक-चार के प्रभारी विराट मेहरा को कार्य में लापरवाही बरतने पर झोन प्रभारी के पद से हटा दिया है। उनके स्थान पर उपस्वच्छता पर्यवेक्षक सौरभ काला को जोन क्रमांक-चार का प्रभारी नियुक्त किया गया है। नईदुनिया

नईदुनिया 14/9/21

## जोन प्रभारी किरण चौहान निलंबित

रतलाम। कार्य में लापरवाही बरतने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने जोन क्रमांक-दो के प्रभारी किरण चौहान व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह पर कार्रवाई की है। जोन प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, वहीं स्वास्थ्य अधिकारी को कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया। वार्ड क्रमांक-38 स्थित मोचीपुरा नाले की जल निकासी को सुचारू बनाने के लिए वार्ड के सफाई संरक्षक संजय-साजन को बिना सुरक्षा उपकरण नाले में उतारने पर निगम आयुक्त ने जोन प्रभारी व स्वास्थ्य अधिकारी पर कार्रवाई की है।


नईदुनिया 14/9/21

**मामला कर्मचारी को नाले में उतारने का**

# आयुक्त ने लिए गड्ढे में उतरने वाले सफाई कर्मचारी के बयान



**फॉलोअप**



**पत्रिका**

*प्रकाशित खबर।*

**रतलाम @ पत्रिका.** नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने पत्रिका में मौत के मुंह में डुबकी समाचार का सोमवार को प्रकाशन के बाद जांच के आदेश दे दिए है। मामले में स्वास्थ्य विभाग की टीम मोचीपुरा क्षेत्र में पहुंची व पंचनामा बनाकर स्थानीय रहवासियों ने बयान लिए है। आयुक्त झारिया ने मामले में गंभीरता दिखाते हुए संबंधीत कर्मचारी संजय के बयान भी लिए है।

बता दे कि नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के चारों झोन के स्वच्छता निरीक्षक अपने कर्मचारियों को बगैर संसाधन दिए गंदे नाले में उतार देते हैं। कोर्ट ने 1993 से हाथ से मैला ढोने पर रोक है। गंदगी से भरे गड्ढे में कर्मचारी को उतारने का मामला सामने आने के बाद पत्रिका ने इसको प्रकाशित किया। इसके बाद नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। बता दे कि इसके पूर्व कर्मचारी को नाले में उतारने का वीडियो वायरल हो गया था। तब तक मामले में संज्ञान नहीं लिया गया था। निगम आयुक्त झारिया ने गंदे नाले में उतरने वाले कर्मचारी संजय के बयान लिए है। इसके अलावा निगम के स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी एपीसिंह, दारोगा किरण चौहान सहित अन्य अधिकारी मोचीपुरा पहुंचे व स्थानीय रहवासियों के भी बयान लिए है। इधर, नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वास्थ्य निरीक्षक किरण चौहान को निलंबित व स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह को देर शाम कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

कर्मचारी का मामला सामने आया है। इस मामले में जांच की जा रही है। जांच के बाद ही कुछ कहा जाएगा। कर्मचारी के बयान लिए गए है। **- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका

पत्रिका 14/09/21